# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सड़क में जगह–जगह पड़े गड्ढे दे रहे दुर्घटना को दावत

**जिम्मेदार कौन**

## अब तक सड़क को ठीक न किये जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। बेरीनाग राईआगर सडक विगत एक साल से खस्ताहाल पड़ी हुई है। सड़क में जगह–जगह पड़े गड्ढे दुर्घटना को दावत दे रहे है। वही आलम यह है कि अब तक सड़क को ठीक न किये जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। दो माह का ठीक समय बचा है एसे में मानसून काल यदि शुरु हो जाएगा तो इलाके में होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी का जवाबदेही आखिरकार किसकी होगी। अब तक यहां पर सड़क की स्थिति को लेकर धरातल पर बेहतर ढ़ग से कोई भरसक प्रयास नही किये गये।

बता दें कि विगत एक साल से सड़क का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिये जाने से आम जनमानस के साथ इस सड़क से होकर गुजरने वाले वाहन सवारों को दुर्घटना का दंड झेलना पड़ रहा है। दूसरी ओर रोजाना हो रही इलाके में जगह–जगह सड़कों में बन चुके गड्ढों में पानी भर जाने से इलाके के ग्रामीणों की मुश्किलें और भी ज्यादा बढ़ने लगी है।



इलाके में दोपहिया वाहन चालक रोजाना रपट खाने को भी मजबूर हो रहे है। दूसरी ओर इलाके के ग्रामीणों को छह किमी तक का सफर तय करने में आधे से एक घंटे तक का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है।

वही सड़क किनारे नाली का निर्माण न होने से स्थानीय ग्रामीणों के घरों में पानी घुसने की संभावना ज्यादा बड़ रही है। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि इस बारे में शासन प्रशासन को कई बार लिखित रुप से समस्या से अवगत करा दिया गया है मगर आज तक समस्या का हल निकल सका है।

विभाग ने स्थाई नाली नही बनाई है ऐसे में मुश्किलें और भी ज्यादा बढ़ने लगी है। दूसरी ओर स्थानीय ग्रामीणों को जान हथेली पर रखकर आवागमन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस मोटर मार्ग की दशा न सुधारे जाने से इलाके के ग्रामीणों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाना शुरु कर दिये है।

## न्यूज डायरी

### नारायणबगड़ क्षेत्र पंचायत की बैठक में उठे बुनियादी मुद्दे

**संवाददाता** नारायणबगड़। नारायणबगड़ ब्लाक सभागार में कोरोना काल के बाद प्रथम बार क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। जिसमें सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य तथा शिक्षा के मुद्दे छाए रहे। वहीं सड़क निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था बिडकुल व एनपीसीसी के अधिकारियों के न पहुंचने पर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। गुरुवार को नारायणबगड़ ब्लाक सभागार में ब्लाक प्रमुख यशपाल सिंह नेगी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक भूपाल राम टम्टा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे जनता की कसौटी पर खरा उतरने का प्रयास करें। प्रधान एडवोकेड पृथ्वी सिंह, प्रेम सिंह, भूपेंद्र मेहरा, रणजीत सिंह रावत, क्षेपं रमेश चंद्र नैनवाल ने नारायणबगड़–परखाल–रैस चोपता मोटर मार्ग, परखाल–सणकोट मोटर मार्ग, परखाल–डुंगरी, नारायण बगड़– किमोली, भगोती–झिझौणी, मींग गधेरा–डांगतोली मोटर मार्ग की दयनीय स्थिति पर चर्चा की।

### जल विद्युत निगम के गेस्ट हाउस में मनाया गया अमृत महोत्सव

**संवाददाता** चिन्यालीसौड़। भारतीय जनता पार्टी चिनियालीसौड़ के कार्यकर्ताओं ने जलविद्युत निगम के गेष्ट हाउस मे आजादी का 75 वीं अमृत महोत्सव धूम धाम से मनाया। आजादी के अमृत महोत्सव में भाजपा नेताओं ने कहा कि देश की 75वीं वर्षगांठ का मतलब 75 साल पर विचार, 75 साल पर उपलब्धियां, 75 पर एक्शन और 75 पर संकल्प शामिल हैं, जो स्वतंत्र भारत के सपनों को साकार करने के लिए आगे बढ़ने की प्रेरणा देंगे। जल विद्युत निगम के गेस्ट हाउस में अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

### कू ऐप ने शुरू किया भारत की आध्यात्मिक यात्रा अभियान

**संवाददाता** देहरादून। मेड–इन–इंडिया सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कू ऐप ने इंडिया स्पिरिचुअल जर्नी यानी भारत की आध्यात्मिक यात्रा अभियान शुरू किया है। यह भक्तों को भारत के मंदिरों और आध्यात्मिक केंद्रों से डिजिटल रूप से जोड़ने में सक्षम बनाने के लिए एक पहल है। इस यात्रा के पहले चरण में 4000 किलोमीटर की दूरी तय होगी और ये उत्तराखंड के प्रमुख मंदिरों और आध्यात्मिक केंद्रों को डिजिटल रूप से भक्तों के करीब लाएगा। यह पहला मौका है जब भारत में किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द्वारा अपनी तरह की यह पहल की गई है। पिछले दो वर्षों में महामारी के दौरान लागू लॉकडाउन और मंदिरों के अस्थायी रूप से बंद होने के कारण सोशल मीडिया पर ई–दर्शन में जबर्दस्त तेजी देखने को मिली।

## बोर्ड के एजेंडे में शामिल हुआ अस्थायी सफाई कर्मचारियों का शासनादेश

**संवाददाता** रुड़की। नगर निगम की बोर्ड बैठक में अस्थायी सफाई कर्मचारियों के मानदेय को लेकर जारी किया गया शासनादेश शामिल कर लिया गया है। पिछले दिनों देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ शाखा रुड़की यूनियन ने नगर निगम महापौर को ज्ञापन देकर शासनादेश को शामिल करने की मांग की थी। नगर निगम बोर्ड की बैठक 23 अप्रैल को होनी है। इस बार की बोर्ड बैठक का बजट को लेकर है। यह बोर्ड बैठक पहले 12 अप्रैल को होनी थी, लेकिन महापौर ने बैठक को स्थगित कर दिया था।

बोर्ड बैठक के एजेंडे में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। लेकिन, कुछ पूरक प्रस्ताव इसमें शामिल किए गए हैं। नगर आयुक्त विजयनाथ शुक्ला ने बताया कि 12 अप्रैल की बोर्ड बैठक के लिए जो एजेंडा था, वही इस बोर्ड बैठक में रखा गया है। हालांकि कुछ प्रस्ताव एजेंडे में जोड़े गए हैं। जिसमें अस्थायी सफाई कर्मचारियों के मानदेय को लेकर पिछले दिनों जो शासनादेश जारी किया गया था। उसे प्रस्ताव के रूप में शामिल किया गया है ताकि अस्थायी सफाई कर्मचारियों को जल्द शासनादेश का लाभ मिल सके। जिसमें अस्थायी सफाई कर्मचारियों के मानदेय से संबंधित शासनादेश सहित सर्किल वार्ड आफिस, सफाई उपकरण, मौसम के आधार पर वर्दी, जूते, कूड़ा वाहन चालक के लिए वर्कशाप, रेहड़ी चालक के लिए मिस्त्री की व्यवस्था, मोहल्ला स्वच्छता समिति व ठेका प्रथा के सफाई कर्मचारियों को बैंक ऋण दिलाए जाने संबंधी मांगों को शामिल किया गया था।



## खिर्सू के 132 गांवों में घर–घर पहुंचेंगे डाक्टरः धन सिंह

**संवाददाता** श्रीनगर गढ़वाल। खिर्सू ब्लाक क्षेत्र के 132 गांवों की जनता के लिए स्वास्थ्य जनता के द्वार अभियान विशेष रूप से शुरु किया गया है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत की विशेष पहल पर अब इन गांवों के हर घर में चिकित्सक पहुंचकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उनका इलाज करेंगे। डा. धन सिंह रावत ने गुरुवार को अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि खिर्सू के सभी 132 गांवों की जनता को चिकित्सा स्वास्थ्य की सुविधाएं उनके घर पर ही मिलेंगी। हंस फाउंडेशन इस अभियान में विशेष सहयोगी है। फाउंडेशन ने इस अभियान के लिए पांच एंबुलेंस भी उपलब्ध कराई हैं। खिर्सू खेल मैदान में आयोजित भव्य समारोह में स्वास्थ्य और शिक्षामंत्री डा. रावत ने इन मोबाइल मेडिकल सर्विस वाहनों का संचालन शुरू करवाया।

# दून में 24 घंटे जलापूर्ति का प्रस्ताव किया गया तैयार

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के वित्तशहरी विकास मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल द्वारा विधानसभा स्थित कक्ष में शहरी विकास विभाग के अतंर्गत अमृत योजना–2 के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

मंत्री ने अमृत योजना–2 के तहत समस्त निकायों को जलापूर्ति योजनाओं से आच्छादित किये जाने हेतु कार्ययोजना व वित्तपोषण, निकायों/शहरों के चयन के मानक तथा 24•7 जलापूर्ति योजना के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में लगभग 646 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई अमृत–2 योजना के सम्बन्ध में निर्देश दिया कि सम्बन्धित कार्य



समयम और गुणवत्तायुक्त ढंग से पूर्ण कराया जाय।

मंत्री को अधिकारियों द्वारा अवगत कराया कि अमृत–2 योजना के अन्तर्गत सीवरेज/सैप्टेज प्रबन्धन का कार्य 07 अमृत नगरों में (देहरादून, हरिद्वार, रुड़की, काशीपुर, रुद्रपुर, हल्द्वानी–काठगोदाम एवं नैनीताल) किया जा रहा है। बैठक में मंत्री को अवगत कराया गया कि अमृत–2 योजना के तहत बजट आवंटन केन्द्र सरकार का 90 प्रतिशत तथा राज्य सरकार का 10 प्रतिशत है तथा अमृत–2 योजना को तीन फेज में वर्ष 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

अमृत योजना–2 के तहत 18 स्थानीय निकायों और देहरादून में 24•7 जलापूर्ति का प्रस्ताव तैयार किया गया है। अमृत योजना–2 के अनुसार जलापूर्ति तथा सीवर परियोजनाओं हेतु उत्तराखण्ड पेयजल निगम को कार्यकारी एजेंसी के रुप में नामित किया जाना प्रस्तावित है।

बैठक में अपर मुख्य सचिव, आनन्द वर्द्धन, सचिव, शहरी विकास विनोद कुमार सुमन, निदेशक शहरी विकास ललित मोहन रयाल तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रिब्यूनल ने किया सब इंस्पेक्टर के विरुद्ध एसएसपी व आई.जी के आदेश निरस्त

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में सरकारी कर्मचारी अधिकारियों के सेवा सम्बन्धी मामलों का निर्णय करने वाले विशेष न्यायालय (ट्रिब्युनल) की पीठ ने उधमसिंह नगर जिले में तैनात रही, वर्तमान में जी.आर.पी. थाना काठगोदाम के अन्तर्गत तैनात महिला सब इंस्पेक्टर सरोज काम्बोज के विरुद्ध एस.एस.पी. उधमसिंह नगर के दण्डादेश तथा आई. जी. कुमाऊं के अपील आदेशों को निरस्त कर दिया। इस आदेश में स्पष्ट किया कि जिस वर्ष की घटना है उसी वर्ष की चरित्र पंजिका में परिनिन्दा लेख दर्ज करने का आदेश हो सकता है। वर्तमान में जी.आर.पी. थाना काठगोदाम के अन्तर्गत जी.आर.पी. चौकी इंचार्ज काशीपुर जी.आर.पी. के पद पर कार्यरत पुलिस सब इंस्पेक्टर सरोज काम्बोज की ओर से अधिवक्ता नदीम उद्दीन ने लोक सेवा अधिकरण की नैनीताल पीठ में सितम्बर 2020 में याचिका सं0 64 दायर की थी।